डाक-व्यय की पूर्व अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत. अनुमति-पत्र क्र. रायपुर.

पंजीयन क्रमांक रायपुर डिवीजन

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 224] रायपुर, शनिवार दिनांक 29 सितम्बर 2001—आश्विन 7, शक 1023

विधि और विधायी कार्य विभाग

छत्तीसगढ़ ग्राम न्यायालय नियम, 2001

अध्याय एक—प्रारम्भिक

अध्याय दो-सिविल/राजस्व मामलों का विचारण

16. प्रतिवादी को प्रतिकरात्मक खर्च.
17. ग्राम न्यायालय द्वारा पारित आदेश का निष्पादन.

अध्याय तीन-आपराधिक मामलों का विचारण

18. ग्राम न्यायालय द्वारा विचारण योग्य आपराधिक मामलों का संस्थित किया जाना.
19. आपराधिक मामलों में प्रक्रिया.
20. परिवाद का खारिज किया जाना.
21. अभियोजन के अभाव के कारण परिवाद का खारिज किया जाना.
22. परिवाद का प्रत्यावर्तन.
23. प्रक्रिया जहां अभियुक्त न पाया जा सका हो अथवा उपस्थित होने में असफल रहा हो.
24. ग्राम न्यायालय के समक्ष अभियुक्त की उपस्थिति, मजिस्ट्रेट द्वारा सुनिश्चित किया जाना.
25. प्रक्रिया जहां अभियुक्त बंधपत्र के निष्पादन के पश्चात् उपस्थित होने में असफल रहता है.
26. अभियोग का सार कथित किया जाना.
27. अभियोग की सत्यता की स्वीकृति पर दोषसिद्धि.
28. प्रक्रिया जब ऐसी स्वीकृति नहीं की जाए.
29. विचारण के लंबित रहते संपत्ति की अभिरक्षा तथा व्ययन.
30. विनिश्चय तथा उसकी संसूचना.
31. दोषसिद्ध या दोषमुक्त व्यक्ति का उसी अपराध के लिए पुनः विचारण न किया जाना.
32. भर्त्सना के पश्चात् अपराधी को क्षमा करने की शक्ति.
33. जुर्माना या प्रतिकर या फीस की रकम.

अध्याय चार—सामान्य प्रक्रिया

34. समय तथा स्थान जहां ग्राम न्यायालय की बैठक होगी.
35. ग्राम न्यायालय की बैठक.
36. ग्राम न्यायालय की भाषा.
37. मुद्रा और संप्रतीक.
38. सदस्य का प्रशिक्षण.
39. कर्मचारीवृन्द लोक सेवक होंगे.
40. ग्राम न्यायालय के प्रारम्भ की तारीख.
41. वादों का ग्रहण नहीं किया जाना.
42. प्रमाणित प्रतियों का संदाय.
43. न्यायालयों की अधिकारिता का अपवर्जन.
44. कुछ सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण कार्यवाहियों का अविधिमान्य नहीं होना.
45. अभिलेखों का निरीक्षण तथा प्रतियों का देना.
46. कार्यवाहियां न्यायिक कार्यवाहियां होंगी.
47. शिथिल करने की शक्ति.
48. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई का संरक्षण.
49. ग्राम न्यायालय का सम्मिलन.

अध्याय पांच—ग्राम न्यायालय का न्यायालय सहायक तथा उसकी शक्तियां, कृत्य तथा कर्तव्य

50. ग्राम न्यायालय का न्यायालय सहायक.
51. न्यायालय सहायक की अतिरिक्त शक्तियां तथा कर्तव्य.

अध्याय छह—सदस्य का नामनिर्देशन तथा प्रधान का निर्वाचन

52. सदस्य का नामनिर्देशन.
53. निर्वाचन के लिए सम्मिलन.
54. सम्मिलन की सूचना.
55. प्रधान के निर्वाचन के लिए सदस्यों द्वारा नामनिर्देशन.
56. प्रधान का त्याग-पत्र.
57. प्रधान का हटाया जाना.
58. प्रधान के कृत्य.

अध्याय सात-सदस्यों को मानदेय, यात्रा-भत्ता तथा दैनिक भत्ता

59. सदस्यों को मानदेय.

अध्याय आठ—प्रकीर्ण

60. सुनवाई का स्थगन.
61. आदेश हस्ताक्षरित और दिनांकित होगा.
62. संक्षिप्त कथन अभिलिखित किए जाएंगे.
63. दस्तावेजों का लौटाया जाना.
64. प्रतिपरीक्षा.
65. समन या सूचनाओं का जारी किया जाना.
66. फीस की वसूली.
67. समन या सूचना की तामील.
68. समन या सूचना तामील करने की रीति.
69. अधिकारिता के बाहर के किसी आपराधिक या सिविल मामले में समन या सूचना तामील करने की रीति.
70. साक्षियों के व्यय.
71. समन या सूचना प्राप्त करने और हस्ताक्षर करने से इंकार करने के लिए शास्ति.
72. ग्राम न्यायालय का विनिश्चय बहुमत द्वारा किया जाएगा.
73. किसी विनिश्चय को उलटने या पुनर्विलोकन की शक्ति नहीं होगी.
74. सदस्य का पद ग्रहण करने से पूर्व घोषणा-पत्र का प्रस्तुत किया जाना.
75. निरीक्षण.
76. लेखाओं का रजिस्टर.
77. रसीद का प्रोफार्मा.

भोपाल, दिनांक 9 अप्रैल 2001

क्र. 21-ग्रा.न्या.-43-नियम-2001-2662.—मध्यप्रदेश ग्राम न्यायालय अधिनियम, 1996 (क्रमांक 26 सन् 1997) की धारा 6, 10, 11, 12, 13, 14, 17, धारा 21 की उपधारा (1), 26 तथा 29 के साथ पठित धारा 32 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

अध्याय एक—प्रारंभिक

संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश ग्राम न्यायालय नियम, 2001 है.

(2) ये नियम मध्यप्रदेश राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होंगे.

परिभाषाएं.

2. इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश ग्राम न्यायालय अधिनियम, 1996 (क्रमांक 26 सन् 1997);

(ख) "आवेदक" से अभिप्रेत है आवेदन करने वाला या धारा 17 के अधीन वादपत्र प्रस्तुत करने वाला व्यक्ति;

(ग) "मुख्य कार्यपालक अधिकारी" से अभिप्रेत है जनपद पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी;

(घ) अभिव्यक्ति "परीक्षा या साक्ष्य लेना" के अंतर्गत साक्षियों की परीक्षा, प्रति परीक्षा और पुनर्परीक्षा आती है;

(ङ) "प्ररूप" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न प्ररूप;

(च) "ग्राम न्यायालय" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 4 के अधीन स्थापित किया गया ग्राम न्यायालय;

(छ) "सदस्य" से अभिप्रेत है ग्राम न्यायालय का सदस्य और उसके अंतर्गत प्रधान आता है;

(ज) "धारा" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा;

(झ) "सचिव" से अभिप्रेत है धारा 13 के अधीन नामनिर्देशित ग्राम न्यायालय का सचिव;

(ञ) "न्यायालय सहायक" से अभिप्रेत है ऐसा व्यक्ति जो नियम 50 में विनिर्दिष्ट किया गया है;

(ट) उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों का, जो इन नियमों में प्रयुक्त हुई हैं तथा परिभाषित नहीं है, वही अर्थ होगा, जैसा कि उनके लिए अधिनियम में क्रमश: दिया गया है.

अध्याय दो—सिविल वादों/राजस्व मामलों का विचारण

आवेदन फाइल करने के लिए प्रक्रिया.

3. (1) आवेदक द्वारा ग्राम न्यायालय को कोई आवेदन या वादपत्र, दस्तावेजों और साक्षियों की, जिन पर उसका निर्भर होना प्रस्तावित हो, संक्षिप्त में उनके प्रस्तावित कथनों सहित सूची के साथ प्ररूप एक में व्यक्तिश: या जिले के सम्यक्‌रूप से प्राधिकृत विधिक सहायता अधिकारी द्वारा न्यायालय सहायक को या उसे प्राप्त करने के लिए न्यायालय सहायक द्वारा, लिखित में प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को पेश किया जाएगा या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा पावती सहित न्यायालय सहायक के पते पर भेजा जाएगा.

(2) उप-नियम (1) के अधीन आवेदन या वादपत्र तीन प्रतियों में पेश किया जाएगा.

(3) जहां अनावेदक (नान एप्लीकेंट) की संख्या एक से अधिक हो, वहां आवेदक द्वारा आवेदन/वादपत्र की उतनी अतिरिक्त प्रतियां दी जाएंगी, जितने कि अनावेदक हों :

परन्तु जहां अनावेदकों की संख्या पांच से अधिक हो, वहां सचिव, आवेदक को, अनावेदकों को सूचना जारी करने के समय आवेदन/वादपत्र की अतिरिक्त प्रतियां प्रस्तुत करने की अनुज्ञा दे सकेगा.

(4) आवेदक, अपने आवेदन/वादपत्र के साथ प्ररूप-दो में एक प्राप्ति परची संलग्न कर सकेगा तथा पेश कर सकेगा, जिस पर आवेदन/वादपत्र की अभिस्वीकृति के तौर पर न्यायालय सहायक द्वारा या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे, जो न्यायालय सहायक की ओर से आवेदन/वादपत्र प्राप्त कर रहा हो.

आवेदन/वादपत्र की प्रस्तुति और छानबीन.

4. (1) न्यायालय सहायक, प्रत्येक आवेदन/वादपत्र पर उसकी प्रस्तुति की तारीख पृष्ठांकित करेगा और पृष्ठांकन पर हस्ताक्षर करेगा.

(2) यदि छानबीन करने पर आवेदन/वादपत्र व्यवस्थित पाया जाए तो उसे यथास्थिति, सिविल मामलों के लिए या राजस्व मामलों के लिए प्ररूप-दो-क में रजिस्टर में सम्यक् रूप से रजिस्टर किया जाएगा और उसे अनुक्रमांक दिया जाएगा.

(3) यदि, छानबीन करने पर आवेदन/वादपत्र त्रुटिपूर्ण पाया जाए और जानकारी में आई त्रुटि प्ररूपिक प्रकृति की हो तो न्यायालय सहायक, आवेदक को अपनी उपस्थिति में उसमें सुधार करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा और यदि उक्त त्रुटि प्ररूपिक प्रकृति की नहीं है, तो न्यायालय सहायक, आवेदक को त्रुटि में सुधार करने के लिए उतना समय अनुज्ञात कर सकेगा, जैसा कि वह उचित समझे. सुधार के लिए सात दिन से अधिक का समय नहीं होगा.

(4) यदि आवेदक, उपनियम (3) के अधीन अनुज्ञात किये गये समय के भीतर त्रुटियों में सुधार करने में असफल रहता है तो न्यायालय सहायक, आदेश द्वारा और कारणों को अभिलिखित करते हुए आवेदन/वादपत्र को रजिस्टर करने से इंकार कर सकेगा और तद्नुसार लिखित में आवेदक को सूचित करेगा.

आवेदन-फीस.

5. न्यायालय सहायक को प्रस्तुत किये गए प्रत्येक आवेदन/वादपत्र के साथ दस रुपए फीस दी जाएगी जो नकद में देय होगी :

परन्तु जहां ग्राम न्यायालय का यह समाधान हो जाए कि आवेदक निर्धनता के आधार पर विहित फीस का भुगतान करने में असमर्थ है तो वह ऐसे आवेदक को फीस के भुगतान से छूट दे सकेगा.

ग्राम न्यायालय द्वारा जारी सूचना तथा आदेशिका की तामील.

6. (1) ग्राम न्यायालय द्वारा जारी की जाने वाली कोई सूचना या आदेशिका की तामील, लिखित में और अनावेदक द्वारा हस्ताक्षरित/अंगूठे का निशान लगी हुई रसीद लेने के पश्चात् कोटवार की मार्फत हाथ से परिदान करके की जा सकेगी.

(2) ग्राम न्यायालय द्वारा जारी प्रत्येक सूचना के साथ, जब तक अन्यथा आदेशित न किया जाए, आवेदन/वादपत्र की एक प्रति होगी.

उत्तर फाइल करना.

7. (1) प्रत्येक अनावेदक, जो आवेदन/वादपत्र का प्रतिवाद करने का इच्छुक हो, उस पर आवेदन/वादपत्र की सूचना की तामील की जाने के पन्द्रह दिन के भीतर न्यायालय सहायक को आवेदन/वादपत्र का उत्तर तथा दस्तावेज और साक्षियों की सूची, उनके संक्षिप्त कथनों सहित, जिन पर वह निर्भर हो, तीन प्रतियों में फाइल करेगा.

(2) अनावेदक, उपनियम (1) के अधीन फाइल किये गये उत्तर में आवेदक द्वारा उसके आवेदन/वादपत्र में कथित तथ्यों को विनिर्दिष्ट रूप से स्वीकार, इन्कार या स्पष्ट करेगा और ऐसे अतिरिक्त तथ्यों को भी कथित कर सकेगा जो मामले के न्यायसंगत विनिश्चय के लिए आवश्यक पाए जाएं.

(3) ग्राम न्यायालय, विहित कालावधि समाप्त होने के पश्चात् उत्तर का फाइल किया जाना अनुज्ञात कर सकेगा.

सिविल मामलों में सुनवाई.

8. (1) ग्राम न्यायालय राजस्व मामले की सुनवाई के लिए उसी प्रक्रिया का अनुसरण करेगा, जैसी कि मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता में राजस्व मामलों के लिए विहित है.

(2) ग्राम न्यायालय, सिविल मामलों की सुनवाई पर सर्वप्रथम आवेदक/वादी तथा उसके साक्षियों का परीक्षण करेगा और तत्पश्चात् प्रतिवादी/अनावेदक और उसके साक्षियों का परीक्षण करेगा.

आवेदक के व्यक्तिक्रम के लिए आवेदन/वादपत्र पर कार्यवाही.

9. (1) जहां आवेदन/वादपत्र की सुनवाई के लिए नियत तारीख पर या कोई अन्य तारीख को, जिसको कि ऐसी सुनवाई स्थगित हुई हो, आवेदन/वादपत्र की सुनवाई के लिए पुकारे जाने पर आवेदक उपसंजात न हो तो ग्राम न्यायालय, स्वविवेक से या तो आवेदन/वादपत्र को व्यतिक्रम के लिए खारिज कर सकेगा या उस पर सुनवाई कर सकेगा तथा गुणागुण के आधार पर उसका विनिश्चय कर सकेगा या कोई अन्य आदेश, जैसा कि वह उचित समझे, पारित कर सकेगा.

(2) जहां आवेदन/वादपत्र व्यतिक्रम के लिए खारिज किया गया हो और आवेदक, खारिज किये जाने की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर एक आवेदन फाइल करता है और ग्राम न्यायालय का समाधान कर देता है कि आवेदन/वादपत्र की सुनवाई के लिए पुकार होने पर उसके अनुपस्थित रहने का पर्याप्त कारण था तो ग्राम न्यायालय, आवेदन/वादपत्र को खारिज किये जाने वाले आदेश को अपास्त करते हुए उसे प्रत्यावर्तित करेगा :

परन्तु मामले के प्रत्यावर्तन के पश्चात् ग्राम न्यायालय, आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् प्रत्यावर्तन की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर मामले का विनिश्चय करेगा.

एकपक्षीय सुनवाई और आवेदन/वादपत्र का निपटारा.

10. (1) जहां आवेदन/वादपत्र की सुनवाई के लिए नियत तारीख को या किसी अन्य तारीख को जिस तक ऐसी सुनवाई स्थगित की गई हो, आवेदन/वादपत्र की सुनवाई के लिए पुकार होने पर आवेदक उपस्थित हो और अनावेदक उपस्थित नहीं हो तथा यह दर्शित हो कि आवेदन/वादपत्र की सुनवाई की सूचना उस पर सम्यक् रूप से तामील हुई है, तो ग्राम न्यायालय स्वविवेक से, सुनवाई स्थगित कर सकेगा या सुनवाई कर सकेगा और आवेदन/वादपत्र का एक पक्षीय विनिश्चय कर सकेगा.

(2) जहां आवेदन/वादपत्र की सुनवाई अनावेदक के विरुद्ध एकपक्षीय हुई हो, तो ऐसा अनावेदक ऐसे आदेश की जानकारी की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर आदेश के अपास्त किये जाने के लिए ग्राम न्यायालय को आवेदन कर सकेगा और यदि ऐसा अनावेदक ग्राम न्यायालय का यह समाधान कर दे कि सूचना की सम्यक् रूप से तामील नहीं हुई या उसे आवेदन/वादपत्र की सुनवाई की पुकार होने के समय उपस्थित होने से पर्याप्त कारणों से रोका गया था तो ग्राम न्यायालय उसके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई को ऐसे निबंधनों पर, जैसे कि वह उचित समझे अपास्त करने का आदेश कर सकेगा तथा आवेदन/वादपत्र पर कार्यवाही के लिए दिन नियत करेगा :

परन्तु मामले के प्रत्यावर्तन के पश्चात् ग्राम न्यायालय आवेदक को युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् प्रत्यावर्तन की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर मामले का विनिश्चय करेगा.

उपशमन का वर्जन.

11. किसी वाद या कार्यवाही का, किसी पक्षकार की मृत्यु के कारण उपशमन नहीं होगा, बशर्ते कि किसी पक्षकार की मृत्यु की तारीख से या मृत्यु की जानकारी होने की तारीख से 30 दिन की कालावधि के भीतर उसके विधिक प्रतिनिधियों में से सभी अथवा कोई विधिक प्रतिनिधि अभिलेख पर ले लिया गया हो :

परन्तु ग्राम न्यायालय को पर्याप्त कारण दर्शाने पर विलम्ब के लिए माफी देने की शक्ति होगी.

समझौता.

12. (1) यदि पक्षकारों के बीच समझौता प्रभावी होता है तो उसे लेखबद्ध किया जाएगा तथा अभिलेख पर लिया जायेगा.

(2) अभिलेख में निम्नलिखित अंतर्विष्ट होगा :–

(क) कार्यवाही का समय और तारीख;
(ख) उपस्थित होने वाले पक्षकारों, उनके विधिक प्रतिनिधियों के नाम, यदि कोई हों;
(ग) प्रत्येक पक्षकार के मामले का संक्षिप्त विवरण;
(घ) समझौते के निबंधन;
(ङ) जहां पक्षकार अवयस्क हो या निर्योग्यताधीन व्यक्ति हो, एक विवरण कि क्या ग्राम न्यायालय की राय में समझौता यथास्थिति, अवयस्क या ऐसे व्यक्ति के हित में है :

परन्तु ऐसी दशा में, जब कोई समझौता नहीं होता है तब केवल मद (क), (ख) तथा (ग) और समझौता न होने के तथ्य वर्णित किए जाएंगे.

(3) अभिलेख पक्षकारों के समक्ष पढ़ा जाएगा या उन्हें पढ़ने के लिए दिया जाएगा और यह तथ्य कि वह पढ़ा गया तथा सही होना स्वीकार किया गया, नोट किया जायेगा.

(4) अभिलेख पर पक्षकारों तथा ग्राम न्यायालय के सदस्यों द्वारा यथास्थिति हस्ताक्षर किए जाएंगे या अंगूठे के निशान लगाए जाएंगे.

(5) इस नियम के अधीन सम्यक् रूप से अभिलिखित समझौता पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा.

स्वीकृति.

13. यदि आवेदक/वादी का दावा प्रतिवादी द्वारा पूर्णतः स्वीकार कर लिया जाता है तब ग्राम न्यायालय कोई साक्ष्य अभिलिखित नहीं करेगा तथा प्रतिवादी की स्वीकृति पर आदेश पारित करने के लिये अग्रसर होगा.

ग्राम न्यायालय का विनिश्चय तथा उसकी संसूचना.

14. (1) पक्षकारों तथा उनके साक्षियों के परीक्षण तथा स्थल के निरीक्षण द्वारा, यदि आवश्यक हो, मामले के तथ्यों को अभिनिश्चित करने के पश्चात्, ग्राम न्यायालय अपने विनिश्चय के आधारों को दर्शाते हुए एक संक्षिप्त आदेश अभिलिखित करेगा और विनिश्चय की संसूचना संबंधित आवेदक तथा अनावदेक को देगा, विनिश्चय के समय उपस्थित पक्षकारों के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान अभिलेख में अभिप्राप्त किए जाएंगे. आदेश के सार की भी प्रविष्टि सिविल मामलों के रजिस्टर में की जाएगी.

(2) ग्राम न्यायालय द्वारा पारित प्रत्येक आदेश या अभिलिखित विनिश्चय पर तारीख लिखी जाएगी तथा प्रत्येक सदस्य, जिसमें ग्राम न्यायालय का प्रधान भी सम्मिलित है, द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगे.

ब्याज तथा किस्त.

15. (1) ग्राम न्यायालय अंतिम आदेश या विनिश्चय तारीख से भुगतान होने तक बारह प्रतिशत वार्षिक से अनधिक की दर से आदेशित रकम पर ब्याज का अधिनिर्णय दे सकेगा.

(2) ग्राम न्यायालय, आदेश पारित करते समय आदेशित रकम का भुगतान छह मास से अनधिक कालावधि के लिए मुल्तवी करने का या मासिक किस्तों में किये जाने का निदेश दे सकेगा.

प्रतिवादी को प्रतिकरात्मक खर्च.

16. यदि ग्राम न्यायालय का यह समाधान हो जाता है कि कोई वाद जो उसके समक्ष लाया गया है मिथ्या, तुच्छ या तंग करने वाला है तो वादी को आदेशित कर सकेगा कि वह प्रतिवादी को प्रतिकर के रूप में 100 रुपये से अनधिक ऐसे खर्च का भुगतान करे जैसा कि वह उचित समझे.

ग्राम न्यायालय द्वारा पारित आदेश का निष्पादपन.

17. (1) किसी ग्राम न्यायालय द्वारा पारित प्रत्येक आदेश को इसे पारित करने की अधिकारिता रखने वाले किसी सिविल न्यायालय द्वारा पारित डिक्री समझा जाएगा और इसका निष्पादन उसी रीति में किया जाएगा जिसमें कि उस बिक्री के निष्पादन की अधिकारिता रखने वाले न्यायालय द्वारा वह निष्पादित की जाती है.

(2) ऐसे आदेश का निष्पादन ग्राम न्यायालय द्वारा विरोधी पक्षकार को सूचना देने के पश्चात् किया जाएगा. यदि निष्पादन संभव नहीं है तो ग्राम न्यायालय आदेश/मामले को सक्षम अधिकारिता रखने वाले सिविल न्यायालय को भेजेगा.

अध्याय तीन—आपराधिक मामलों का विचारण

ग्राम न्यायालय द्वारा विचारण योग्य आपराधिक मामलों का संस्थित किया जाना.

18. (1) कोई भी व्यक्ति, जो ग्राम न्यायालय द्वारा विचारण योग्य आपराधिक मामले को संस्थित करना चाहता हो, लिखित में, प्रधान या उसकी अनुपस्थिति में सचिव को, प्ररूप-तीन में परिवाद करेगा.

(2) जैसे ही ऐसा परिवाद पांच रुपये की आवश्यक फीस के साथ प्राप्त हो जाता है, तो यदि परिवाद लिखित में है तो वह प्ररूप-चार में मामले के रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा.

(3) प्रधान/सचिव, परिवाद की सुनवाई के लिए तारीख नियत करेगा तथा उक्त तारीख की सूचना परिवादी तथा अभियुक्त को देगा.

आपराधिक मामलों में प्रक्रिया.

19. अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए ग्राम न्यायालय, आपराधिक मामलों के विचारण में संक्षिप्त प्रक्रिया का पालन करेगा.

परिवाद का खारिज किया जाना.

20. (1) यदि ग्राम न्यायालय को किसी भी समय यह प्रतीत हो कि परिवाद पर कार्यवाही करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है तो वह परिवाद को खारिज करेगा.

(2) यदि ग्राम न्यायालय को किसी भी समय यह प्रतीत हो कि उसे अपराध के विचारण की अधिकारिता नहीं है तो वह परिवाद को, परिवादी को वापस कर देगा.

अभियोजन के अभाव के कारण परिवाद का खारिज किया जाना.

21. यदि परिवादी सुनवाई के लिए नियत तारीख को उपस्थित होने में असफल रहता है अथवा यदि ग्राम न्यायालय की राय में परिवादी ने परिवाद के संबंध में आगे कार्यवाही करने में उपेक्षा प्रदर्शित की है तो ग्राम न्यायालय, परिवाद को खारिज कर सकेगा.

परिवाद का प्रत्यावर्तन.

22. यदि परिवाद के खारिज किए जाने की तारीख से 30 दिनों के भीतर परिवादी, ग्राम न्यायालय का यह समाधान कर देता है कि उसकी अनुपस्थिति कुछ अपरिहार्य कारण से थी तथा वह उपेक्षा नहीं कर रहा था तो ग्राम न्यायालय कार्यवाहियों का प्रत्यावर्तन कर सकेगा किन्तु ऐसा प्रत्यावर्तन अभियुक्त को सूचना दिए बिना नहीं किया जाएगा, यदि खारिजी का आदेश अभियुक्त के ग्राम न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो जाने के पश्चात् पारित किया गया था.

प्रक्रिया जहां अभियुक्त पाया न जा सका हो अथवा उपस्थित होने में असफल रहा हो.

23. यदि सुनवाई के लिए नियत तारीख को अभियुक्त पाया न जा सका हो अथवा उपस्थित होने में असफल रहा हो तो ग्राम न्यायालय निकटतम मजिस्ट्रेट को, जो उस क्षेत्र पर अधिकारिता रखता हो, तथ्य की रिपोर्ट करेगा.

ग्राम न्यायालय के समक्ष अभियुक्त की हाजिरी मजिस्ट्रेट द्वारा सुनिश्चित किया जाना.

24. (1) तदुपरि मजिस्ट्रेट, अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए वारंट (जमानतीय या अजमानतीय) जारी करेगा और वारंट पर पृष्ठांकन द्वारा निदेश देगा कि यदि उसके समक्ष ऐसा व्यक्ति उसकी हाजिरी के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 द्वारा उपबंधित रीति में एक बंधपत्र पर्याप्त प्रतिभूओं के साथ निष्पादित करता है तो उसे अभिरक्षा से निर्मुक्त कर दिया जाएगा.

(2) जब अभियुक्त, मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित हो तो वह अभियुक्त को यह निदेश देगा कि वह ग्राम न्यायालय के समक्ष ऐसी तारीख को, जैसा कि वह निदेश दे, उपस्थित होने के लिए और ग्राम न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए और ग्राम न्यायालय के समक्ष उपस्थित होते रहने के लिए, जैसा कि उसके द्वारा निदेशित किया जाए, प्रतिभूओं सहित या उनके बिना एक बंधपत्र निष्पादित करे.

(3) ऐसा बंधपत्र निष्पादित करने में उसके असफल रहने पर मजिस्ट्रेट आदेश देगा कि अभियुक्त को ऐसी तारीख को, जैसा कि वह निदेश दे, ग्राम न्यायालय के समक्ष अभिरक्षा में पेश किया जाए.

प्रक्रिया जहां अभियुक्त बंधपत्र के निष्पादन के पश्चात् उपस्थित होने में असफल रहता है.

25. यदि कोई अभियुक्त नियम 24 के उपनियम (2) के अधीन बंधपत्र के निष्पादन के पश्चात् ग्राम न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने में असफल रहे तो ग्राम न्यायालय मजिस्ट्रेट को, जिसके समक्ष बंधपत्र निष्पादित किया गया था, तथ्य की रिपोर्ट करेगा और ऐसा मजिस्ट्रेट दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के उपबंधों के अनुसार कार्यवाही करेगा.

अभियोगों का सार कथित किया जाना.

26. जब अभियुक्त ग्राम न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो अथवा लाया जाए तो उसे उस अपराध की, जिसके लिए वह अभियुक्त है, विशिष्टियां कथित की जाएंगी और उससे कहा जाएगा कि क्यों न उसे दोषसिद्ध किया जाए.

27. (1) यदि अभियुक्त स्वीकार करता है कि उसने वह अपराध किया है, जिसका कि वह अभियुक्त है, तो उसकी स्वीकृति यथासंभव उसके द्वारा प्रयुक्त शब्दों में लेखबद्ध की जाएगी और ग्राम न्यायालय तद्नुसार उसे दोषसिद्ध कर सकेगा.

अभियोग की सत्यता की स्वीकृति पर दोषसिद्धि.

(2) यदि अभियुक्त दोषी होने का अभिवचन नहीं करता है और यदि अपराध शमनीय है तो ग्राम न्यायालय पक्षकारों के बीच समझौते के लिए प्रयास करेगा. तदुपरि या अन्यथा यदि विचारण के किसी भी प्रक्रम पर न्यायालय को यह समाधान हो जाए कि अपराध का विधिपूर्वक शमन कर लिया गया है तो वह उसे लेखबद्ध करेगा और अभियुक्त को दोषमुक्त कर देगा.

28. (1) यदि ग्राम न्यायालय नियम 27 के अधीन अभियुक्त को सिद्धदोष नहीं करता या यदि अभियुक्त, ऐसी स्वीकृति नहीं करता, ग्राम न्यायालय, परिवादी को, यदि कोई हो, सुनने की कार्यवाही करेगा और ऐसे सभी साक्ष्य लेगा जो अभियोजन के समर्थन में प्रस्तुत किए जाएं तथा अभियुक्त को भी सुनेगा और वह ऐसे सभी साक्ष्य लेगा जो कि वह अपने बचाव में प्रस्तुत करे.

प्रक्रिया जब ऐसी स्वीकृति नहीं की जाए.

(2) परिवादी या अभियुक्त अपने स्वयं के साक्षियों को पेश करेगा, जब ऐसा करने की अपेक्षा की जाए. ग्राम न्यायालय, अपने विवेक से, दो रुपये की आदेशिका फीस के संदाय पर साक्षियों को समन जारी कर सकेगा.

29. (1) जब यह प्रतीत हो कि कोई सम्पत्ति किसी अपराध के किए जाने में उपयोग में लाई गई है अथवा किसी अपराध की विषयवस्तु है, ग्राम न्यायालय के समक्ष विचारण के दौरान पेश की गई है तो ग्राम न्यायालय, विचारण की समाप्ति के लंबित रहने तक ऐसी सम्पत्ति की उचित अभिरक्षा के लिए ऐसा आदेश कर सकेगा, जैसा कि वह उचित समझे और यदि संपत्ति शीघ्र अथवा प्राकृतिक रूप से नष्ट होने वाली है अथवा ऐसा करना अन्यथा समीचीन है तो वह ऐसा साक्ष्य, जैसा कि वह आवश्यक समझे, लेखबद्ध करने के पश्चात् इसका विक्रय करने अथवा अन्यथा व्ययन करने का आदेश दे सकेगा.

विचारण के लंबित रहते संपत्ति की अभिरक्षा तथा व्ययन.

(2) विचारण की समाप्ति पर ग्राम न्यायालय किसी सम्पत्ति या दस्तावेज को, जो उसके समक्ष पेश किए गए हों या उसकी अभिरक्षा में हों या जिनके बारे में कोई अपराध किया जाना प्रतीत हो या जिनको किसी अपराध के किए जाने में उपयोग में लिया गया हो, नष्ट करके, अधिहरण करके या उसके कब्जे का हकदार होने का दावा करने वाले किसी व्यक्ति को परिदान करके या अन्यथा व्ययन के लिए ऐसा आदेश, जैसा कि वह उचित समझे, कर सकेगा.

30. (1) ग्राम न्यायालय, आवेदक तथा साक्षियों के परीक्षण, स्थल के निरीक्षण, यदि आवश्यक हो और उसके (अभियुक्त के) विरुद्ध उपस्थित परिस्थितियों को स्पष्ट करने के लिए अभियुक्त को, यदि आवश्यक हो, और उसके द्वारा पेश साक्षियों के परीक्षण द्वारा मामले के तथ्यों के अभिनिश्चयन के पश्चात् अपने विनिश्चय के लिये आधारों को दर्शाते हुए एक संक्षिप्त आदेश अभिलिखित करेगा और संबंधित आवेदक तथा अनावेदक को विनिश्चय संसूचित करेगा. विनिश्चय के समय उपस्थित पक्षकारों से हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान अभिलेख पर अभिप्राप्त किए जाएंगे. विनिश्चय का सार आपराधिक मामलों के रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा.

विनिश्चय तथा उसकी संसूचना.

(2) ग्राम न्यायालय द्वारा अभिलिखित प्रत्येक आदेश या विनिश्चय दिनांकित होगा तथा प्रत्येक सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित भी होगा.

31. कोई ग्राम न्यायालय, किसी ऐसे व्यक्ति का, किसी ऐसे अपराध के लिए विचारण नहीं करेगा जिसका किसी सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा अथवा अन्य ग्राम न्यायालय द्वारा पहले ही विचारण कर लिया गया हो, तथा जो उस अपराध के लिये दोषसिद्ध या दोषमुक्त किया गया हो, जब कि ऐसी दोषसिद्धि या दोषमुक्ति प्रवृत्त हो.

दोषसिद्ध या दोषमुक्त व्यक्ति का उसी अपराध के लिए पुनः विचारण न किया जाना.

32. जब कोई व्यक्ति अधिनियम के अधीन किसी अपराध का दोषी पाया जाता है, तो उसे दोषी पाने वाला ग्राम न्यायालय, अपराध की प्रकृति तथा अपराधी के चरित्र या पूर्ववृत्त को सम्मिलित करते हुए मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, यदि वह ऐसा करना समीचीन समझे, अपराधी को जुर्माने का दण्डादेश देने के बजाए, सम्यक् भर्त्सना के पश्चात् उसे क्षमा कर सकेगा.

भर्त्सना के पश्चात् अपराधी को क्षमा करने की शक्ति.

जुर्माना या प्रतिकर या फीस की रकम.

33. ग्राम न्यायालय द्वारा प्राप्त जुर्माना या प्रतिकर या फीस की रकम की प्रविष्टि, प्ररूप-पांच में रखे जाने वाले रजिस्टर में की जाएगी.

अध्याय चार—सामान्य प्रक्रिया

समय तथा स्थान जहां ग्राम न्यायालय की बैठक होगी.

34. प्रत्येक ग्राम न्यायालय की उस स्थान पर, जहां ग्राम न्यायालय का कार्यालय स्थित है, या वृत्त के भीतर किसी अन्य स्थान पर, जैसा कि ग्राम न्यायालय उचित समझे, पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 5.30 बजे तक, 1.30 बजे अपराह्न से 2.30 बजे अपराह्न तक विश्रान्ति सहित बैठक होगी.

ग्राम न्यायालय की बैठक.

35. ग्राम न्यायालय की एक सप्ताह में कम से कम दो बैठक होंगी.

ग्राम न्यायालय की भाषा.

36. ग्राम न्यायालय की भाषा हिन्दी होगी. कार्यवाहियां हिन्दी में संचालित की जाएंगी और अभिलेख हिन्दी में रखे जाएंगे.

मुद्रा और संप्रतीक.

37. ग्राम न्यायालय की कार्यालयीन मुद्रा और संप्रतीक ऐसा होगा, जैसा कि राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे.

सदस्य का प्रशिक्षण.

38. कलेक्टर, ग्राम न्यायालय की सामान्य प्रक्रिया के संबंध में ग्राम न्यायालय के सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए प्रबंध करेगा.

कर्मचारीवृन्द लोक सेवक होंगे.

39. ग्राम न्यायालय का न्यायालय सहायक तथा अन्य कर्मचारीवृन्द, भारतीय दण्ड संहित, 1860 की धारा 21 के अर्थ के अंतर्गत लोक सेवक समझे जाएंगे.

ग्राम न्यायालय के प्रारंभ की तारीख.

40. (1) ग्राम न्यायालय के सदस्यों के प्रशिक्षण के पूर्ण होने के तुरन्त पश्चात् और ग्राम न्यायालय के प्रारंभ होने तथा काम करने की तारीख कलेक्टर द्वारा अधिसूचित की जाएगी. इस प्रकार अधिसूचित तारीख के पश्चात् सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 तथा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी ग्राम न्यायालय को, अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, अधिनियम में यथा विनिर्दिष्ट सिविल, आपराधिक तथा राजस्व मामलों के विचारण की अनन्य अधिकारिता होगी.

(2) उप नियम (1) के अधीन प्रकाशित अधिसूचना के ठीक पूर्व लंबित सभी मामले, संबंधित न्यायालयों द्वारा न्यायनिर्णीत होंगे.

वादों का ग्रहण नहीं किया जाना.

41. कोई ग्राम न्यायालय किसी ऐसे विषय के संबंध में किसी वाद का, जो विनिश्चय के लिए लंबित है या जिसकी उन्हीं पक्षकारों के बीच या उनके बीच, जिनके अधीन वे दावा कर रहे हैं, किसी पूर्व वाद में अन्य ग्राम न्यायालय द्वारा या सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा सुनवाई हो गई है या जिसके संबंध में विनिश्चय हो गया है विचारण नहीं करेगा.

प्रमाणित प्रतियों का प्रदाय.

42. ग्राम न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित प्रति परिवादी तथा अभियुक्त को उनके द्वारा मांग की जाने पर और रुपये 2/- (दो रुपये) प्रति पृष्ठ की फीस का भुगतान किये जाने पर दी जाएगी.

न्यायालयों की अधिकारिता का अपवर्जन.

43. अधिनियम में उपबंधित के सिवाय, कोई सिविल, दांडिक अथवा राजस्व न्यायालय किसी ऐसी मामले का विचारण नहीं करेगा या किसी ऐसे अपराध का संज्ञान नहीं करेगा जो किसी ग्राम न्यायालय द्वारा विचारण योग्य है, जिसके संबंध में नियम 40 के अधीन अधिसूचना जारी की गई है.

कुछ सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण कार्यवाहियों का अविधिमान्य नहीं होना.

44. ग्राम न्यायालय का कोई कार्य या कार्यवाही केवल किसी रिक्त के विद्यमान होने के कारण या इसके गठन में किसी त्रुटि के कारण या इसकी कार्यवाहियों के संचालन में किसी अनियमितता के कारण अविधिमान्य नहीं होगी.

45. इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, ग्राम न्यायालय का अभिलेख, किसी व्यक्ति द्वारा रु. 2.00 (रु. दो) प्रति मामला फीस का संदाय करने पर निरीक्षण के लिये खुला रहेगा तथा उसकी प्रमाणित प्रतियां किसी व्यक्ति द्वारा उसके लिए आवेदन करने पर और रु. 2.00 (रु. दो) प्रति पृष्ठ फीस का भुगतान करने पर दी जाएगी.

अभिलेखों का निरीक्षण तथा प्रतियों का देना.

46. ग्राम न्यायालय के समक्ष प्रत्येक कार्यवाही, भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 193 तथा 228 के अर्थ के अंतर्गत न्यायायिक कार्यवाही समझी जाएगी.

कार्यवाहियां न्यायिक कार्यवाहियां होंगी.

47. यदि किसी क्षेत्र में जिसे राज्य शासन अधिसूचना द्वारा घोषित करे, अधिनियम की धारा 6 के अधीन अपेक्षानुसार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के उपयुक्त सदस्य उपलब्ध न हों तो यथास्थिति, जनपद पंचायत या राज्य सरकार, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य की आयु सीमा तथा शैक्षणिक अर्हता की शर्त शिथिल कर सकेगी.

शिथिल करने की शक्ति.

48. (1) ग्राम न्यायालय के सदस्यों या ग्राम न्यायालय के निदेश के अधीन कार्य कर रहे किसी अधिकारी या व्यक्ति के विरुद्ध उसके द्वारा किए गए किसी आदेश को निष्पादित करने के लिए या की गई किसी ऐसी बात के बारे में, जो ऐसे सदस्यों, अधिकारी या व्यक्ति द्वारा अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियम या किए गए आदेश के अधीन सद्भावपूर्वक की गई है या की जाने के लिए आशयित है, कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं होगी.

सद्भावनापूर्वक की गई कार्यवाही का संरक्षण.

(2) न्यायिक अधिकारी संरक्षण अधिनियम, 1850 (1850 का सं. 18) तथा न्यायाधीश (संरक्षण) अधिनियम, 1985 (1985 का सं. 59) के उपबंध ग्राम न्यायालय के सदस्यों को उनके पदीय कर्त्तव्यों के निर्वहन में उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार वे न्यायाधीशों तथा मजिस्ट्रेटों को लागू होते हैं.

49. (1) किसी ग्राम न्यायालय में प्रत्येक कार्यवाही इस निमित्त बुलाये गये किसी सम्मिलन में संचालित की जाएगी. गणपूर्ति तीन सदस्यों से मिलकर होगी.

ग्राम न्यायालय का सम्मिलन.

(2) किसी ग्राम न्यायालय के सम्मिलन के प्रारंभ होने पर न्यायालय सहायक, ग्राम न्यायालय की जानकारी में उस सम्मिलन में सुनवाई के लिए नियत मामलों के अभिलेख लायेगा.

(3) प्रधान, सचिव या कोई सदस्य किसी ऐसे मामले या अन्य कार्यवाही में भाग नहीं लेगा जिसमें वह या उसका कोई नजदीकी रिश्तेदार, नियोक्ता, कर्मचारी या उसके व्यवसाय का भागीदार, एक पक्षकार हो अथवा जिसमें इनमें से कोई वैयक्तिक रूप से हितबद्ध हो.

स्पष्टीकरण.—इस उप नियम के प्रयोजन के लिये अभिव्यक्ति "नजदीकी रिश्तेदार" से अभिप्रेत है पिता, माता, भाई, बहिन, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, ससुर, सास, साला, साली, दामाद, पुत्र-वधू.

(4) किसी ग्राम न्यायालय के समक्ष किसी वाद या दाण्डिक कार्यवाही में कोई पक्षकार, उसके किसी सदस्य का इस आधार पर आक्षेप करता है कि वह किसी वाद या कार्यवाही में प्रत्यक्षतः तथा वैयक्ति रूप से हितबद्ध है और सदस्य तदुपरि, ग्राम न्यायालय से नहीं हटता है तो आक्षेप के आधारों तथा सदस्य के बने रहने के कारणों को लेखबद्ध किया जाएगा.

अध्याय पांच—ग्राम न्यायालय का न्यायालय सहायक तथा उसकी शक्तियां, कृत्य तथा कर्त्तव्य

50. (1) ग्राम पंचायत का सचिव, जहां ग्राम न्यायालय स्थित है, ग्राम न्यायालय के न्यायालय सहायक के रूप में कार्य करेगा, जिसे समय-समय पर, राज्य सरकार द्वारा नियत मानदेय का संदाय किया जाएगा.

ग्राम न्यायालय का सहायक.

(2) किसी ग्राम न्यायालय द्वारा प्रतिलिपि फीस के रूप में वसूल की गई फीस में से आधी रकम, उस ग्राम न्यायालय के न्यायालय सहायक को पारिश्रमिक के रूप में देय होगी.

(3) ग्राम न्यायालय के न्यायालय सहायक की अभिरक्षा में ग्राम न्यायालय के अभिलेख तथा ग्राम न्यायालय की मुद्रा होगी.

न्यायालय सहायक की अतिरिक्त शक्तियां तथा कर्त्तव्य.

51. इन नियमों में प्रदत्त शक्तियों के अतिरिक्त, न्यायालय सहायक की निम्नलिखित शक्तियां तथा कर्तव्य होंगे :-

(एक) समस्त आवेदन/वादपत्र प्राप्त करना;

(दो) आवेदन/वादपत्र की छानबीन से उद्भूत हुए समस्त प्रश्नों को उनके रजिस्ट्रीकरण से पूर्व विनिश्चित करना;

(तीन) कार्यवाही के पक्षकारों को दस्तावेजों की प्रतियां प्रदाय किए जाने के लिए आदेश देना;

(चार) सूचना की तामील या अन्य कार्यवाहियों से संबंधित समस्त मामलों को निपटाना;

(पांच) आवेदन/वादपत्र के लंबित रहने के दौरान मृत पक्षकारों के विधिक प्रतिनिधि के प्रतिस्थापन के लिए, मृत्यु की तारीख से तीस दिन के भीतर आवेदन प्राप्त करना;

(छह) प्रतिस्थापन के लिए आवेदन प्राप्त करना तथा उनका निपटारा करना, सिवाय उसके, जहां प्रतिस्थापन में किसी आदेश का अपास्त किया जाना या उपशमन अंतर्वलित है;

(सात) ग्राम न्यायालय के अभिलेखों का निरीक्षण करने के लिए इजाजत प्रदान करना;

(आठ) दस्तावेजों की वापसी के लिए पक्षकारों द्वारा आवेदनों को प्राप्त करना तथा उनका निपटारा करना.

अध्याय छह—सदस्य का नामनिर्देशन तथा प्रधान का निर्वाचन

सदस्य का नाम निर्देशन.

52. (1) जनपद पंचायत, ऐसे सदस्यों को नामनिर्दिष्ट करेगी जिनके पास अधिनियम की धारा 6 के अधीन विहित अर्हता है. इस प्रकार किए गए नामनिर्देशन की संसूचना राज्य सरकार को दी जाएगी. इस प्रकार प्राप्त किए गए नामनिर्देशनों की परीक्षा की जाएगी और यह पाया जाता है कि इस प्रकार नामनिर्देशन किए जाने वाले अर्हित व्यक्तियों की बाबत नामनिर्देशन उचित रूप से किया गया है तो इसका अनुमोदन संबंधित जनपद पंचायत को संसूचित किया जाएगा. तत्पश्चात् मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियम 53 में यथा उपबंधित सम्मिलन बुलाएगा.

(2) उस दशा में, जब जनपद पंचायत, अधिनियम की धारा 5 के अधीन सदस्यों को नामनिर्देशित करने में असफल रहती है तो राज्य सरकार, ग्राम न्यायालय के सदस्यों को उन नामों के, जो कलक्टर द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश के परामर्श से भेजी गई रिक्तियों की संख्या के तीन गुने से अधिक नहीं होंगे, पैनल में से नामनिर्देशित करेगी.

(3) ग्राम न्यायालय के सदस्यों के नामनिर्देशन हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत के सभी सदस्यों को सात दिवस पूर्व की अग्रिम लिखित सूचना देते हुए सभा आयोजित की जायेगी. सभा में उपस्थित सदस्यों में से किसी भी सदस्य द्वारा ग्राम न्यायालय के लिये अधिनियम की धारा 5 व 6 के प्रावधानों के अंतर्गत नामनिर्देशन किये जाने वाले सदस्य के नाम का प्रस्ताव किया जायेगा तथा उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से उक्त सदस्य के नाम का अनुमोदन किया जायेगा. यदि सभा के सदस्यों के मध्य किसी सदस्य के नामनिर्देशन किये जाने में सहमति नहीं है तो इस संबंध में कार्यवाही विवरण पुस्तिका में उल्लेख किया जायेगा तथा उक्त सदस्य का नाम निर्देशन नहीं किया जायेगा.

(4) यदि राज्य शासन को यह समाधान हो जाता है कि जनपद पंचायत द्वारा किसी ग्राम न्यायालय के लिए नामनिर्देशित किये गये सदस्यों की कार्यवाही अधिनियम की धारा 5, 6 व 7 के प्रावधानों के विपरीत है अथवा अन्य किसी समुचित आधार पर कार्यवाही का विधि विरुद्ध होना या दूषित होना पाया जाता है तो उस स्थिति में राज्य सरकार या उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी ऐसे नामनिर्देशन की कार्यवाही को अपास्त कर देगा व उपयुक्त आदेश पारित कर सकेगी.

निर्वाचन के लिए सम्मिलन.

53. जनपद पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्राम न्यायालय के सदस्यों के नामनिर्देशन की तारीख पन्द्रह दिन के भीतर, समस्त नामनिर्देशित सदस्यों का, एक सदस्य को ग्राम न्यायालय के प्रधान के लिए निर्वाचित किये जाने के प्रयोजन के लिए एक सम्मिलन बुलाएगा.

सम्मिलन की सूचना.

54. (1) नियम 53 के अधीन सम्मिलन की सूचना, तारीख तथा समय विनिर्दिष्ट करते हुए, संबंधित प्रत्येक सदस्य को सम्मिलन की तारीख से कम से कम ठीक तीन दिन पूर्व लिखित में दी जायेगी.

(2) सम्मिलन की अध्यक्षता जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा की जाएगी.

प्रधान के निर्वाचन के लिए सदस्यों द्वारा नामनिर्देशन.

55. (1) प्रधान के रूप में निर्वाचित किये जाने के लिए किसी सदस्य का नाम इन नियमों से संलग्न प्ररूप छह में एक सदस्य द्वारा प्रस्तावित और दूसरे सदस्य द्वारा समर्थित किया जाएगा. मुख्य कार्यपालक अधिकारी सम्यक् रूप से प्रस्तावित तथा समर्थित सदस्यों के नाम लेखबद्ध करेगा.

(2) यदि केवल एक ही सदस्य का नाम प्रस्तावित किया जाता है तो मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऐसे सदस्य को प्रधान के रूप में यथा निर्वाचित घोषित करेगा.

(3) यदि प्रस्तावित किए गए नाम एक से अधिक हों, तो मुख्य कार्यपालक अधिकारी निर्वाचन कराने की कार्यवाही करेगा.

(4) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या का विवरण देगा और सदस्यों को मतदान की रीति स्पष्ट करेगा.

(5) मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रत्येक सदस्य को एक मतपत्र प्रदान करेगा जिस पर निर्वाचन लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों के नाम हिन्दी में लिखे जायेंगे जो प्ररूप-सात में होगा.

(6) मुख्य कार्यपालक अधिकारी मतपत्र प्रदान करने के पूर्व प्रत्येक मतपत्र पर हस्ताक्षर करेगा ताकि उसकी प्रमाणिकता उपदर्शित हो सके. प्रत्येक सदस्य मतपत्र प्राप्त होने पर मतदान के लिये पृथक् रखे गये स्थान पर अग्रसर होगा तथा वहां उस अभ्यर्थी के नाम के सामने, जिसे वह अपना मत देना चाहता हो, मतपत्र में x (क्रास) का चिन्ह लगायेगा. उसके पश्चात् वह मतपत्र को मोड़ेगा ताकि गोपनीयता बनी रहे तथा उसे मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पास जमा करेगा. मतदान समाप्त होने के ठीक पश्चात् मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रत्येक अभ्यर्थी के पक्ष में दिये गये विधिमान्य मतों की गणना करेगा तथा परिणाम पत्रक में उसकी कुल संख्या को अभिलिखित करेगा और तत्पश्चात् उस अभ्यर्थी का, प्रधान के रूप में सम्यक् रूप से निर्वाचित होना घोषित करेगा जिसने सबसे अधिक संख्या में मत प्राप्त किये हों.

(7) प्रधान के निर्वाचन से व्यथित कोई पक्षकार, कलेक्टर के समक्ष तीस दिन की कालावधि के भीतर याचिका दाखिल कर सकेगा, जो पक्षकारों को सूचना देने के पश्चात् याचिका का विनिश्चय करेगा.

(8) कलेक्टर के विनिश्चय के विरुद्ध पुनरीक्षण तीस दिन की कालावधि के भीतर जिला न्यायाधीश को होगा.

प्रधान का त्यागपत्र.

56. प्रधान, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखित में उस आशय की सूचना देकर अपना पद त्याग सकेगा और ऐसा त्यागपत्र, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा उसकी प्राप्ति की तारीख से एक मास का अवसान हो जाने पर प्रभावी होगा.

प्रधान तथा सदस्यों को हटाया जाना.

57. राज्य सरकार, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसी की वह करना उचित समझे, भ्रष्टाचार, कर्त्तव्य की उपेक्षा, सम्मिलनों से निरन्तर अनुपस्थित रहने, नैतिक अधमता या किसी अन्य पर्याप्त कारण से प्रधान तथा अन्य सदस्यों को किसी भी समय हटा सकेगी.

प्रधान के कृत्य.

58. (1) प्रधान, ग्राम न्यायालय के सम्मिलन की अध्यक्षता करेगा.

(2) प्रधान, ग्राम न्यायालय के विनिश्चय (निर्णय) की घोषणा करेगा.

अध्याय सात—सदस्यों को मानदेय, यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता

सदस्यों का मानदेय.

59. सदस्य, ऐसे मानदेय के हकदार होंगे, जैसा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित किया जाए.

अध्याय आठ—प्रकीर्ण

सुनवाई का स्थगन.

60. प्रधान, यदि कार्यवाहियों के किसी प्रक्रम पर पर्याप्त कारण दर्शाया जाता है तो पक्षकारों को समय दे सकेगा और आवेदन या वादपत्र या परिवाद की सुनवाई को स्थगित कर सकेगा.

आदेश हस्ताक्षरित और दिनांकित होगा.

61. ग्राम न्यायालय की प्रत्येक कार्यवाही लिखित में होगी और उपस्थित प्रधान एवं सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित तथा दिनांकित होगी.

संक्षिप्त कथन अभिलिखित किए जाएंगे.

62. ग्राम न्यायालय, साक्षियों के लंबे कथन नहीं लेगा. केवल संक्षिप्त कथन अभिलिखित किए जाएंगे.

दस्तावेजों का लौटाया जाना.

63. पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेज, यदि कोई हों पर विचार किया जायेगा और ग्राम न्यायालय द्वारा मामले का निपटारा होने के तुरन्त पश्चात् उसे पेश करने वाले पक्षकार को लौटाया जाएगा. यदि ग्राम न्यायालय का प्रधान यह महसूस करता है कि किसी पक्षकार द्वारा प्रस्तुत किया कोई दस्तावेज विवाद का आधार है तो ऐसा दस्तावेज पक्षकार को उसके आवेदन पर उसकी सत्य प्रति प्रस्तुत कर देने के पश्चात् लौटा दिया जाएगा.

प्रति परीक्षा.

64. प्रत्येक पक्षकार को अभियुक्त को छोड़कर दूसरे पक्षकार और उनके साक्षियों से उनके परीक्षण के शीघ्र पश्चात् प्रति परीक्षा के लिए अनुज्ञात किया जाएगा.

समन या सूचनाओं का जारी किया जाना.

65. ग्राम न्यायालय द्वारा जारी किया गया प्रत्येक समन या सूचना, प्ररूप-आठ में होगी और ग्राम न्यायालय की मुद्रा सहित न्यायालय सहायक द्वारा हस्ताक्षरित की जाएगी. इसमें वह समय, तारीख, स्थान, जहां पर व्यक्ति के उपस्थित होनें की अपेक्षा की जाए और यह भी विनिर्दिष्ट होगा कि उसकी उपस्थिति अभियुक्त, प्रतिवादी, अनावेदक या साक्षी किस रूप में अपेक्षित है. इसमें यह भी विनिर्दिष्ट होगा कि क्या इसका प्रयोजन साक्ष्य देने या दस्तावेज पेश करने या किसी अन्य प्रयोजन के लिए है.

फीस की वसूली.

66. यदि समन या सूचना पक्षकार के अनुरोध पर तामील की जानी हो, तो ग्राम न्यायालय, प्रति समन या सूचना के लिए उस पक्षकार से रु. 2.00 (दो रुपया) फीस वसूल करेगा. फीस को ग्राम न्यायालय निधि में जमा किया जाएगा. संदाय की रसीद प्ररूप-नौ में दी जाएगी.

समन या सूचना की तामील.

67. (1) प्रत्येक समन या सूचना की तामील, ग्राम न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर कोटवार या ग्राम न्यायालय के किसी सेवक द्वारा मामूली तौर से की जाएगी. जहां ग्राम न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता के बाहर निवास करने वाले किसी व्यक्ति पर समन या सूचना की तामील की जानी है तो उसकी तामील, इसमें इसके पश्चात् उपबंधित नियमों के अनुसार की जाएगी.

(2) समन के लिए, उसकी तामील करने के पश्चात् वसूल की गई फीस में से एक रुपया प्रति समन, यथास्थिति, कोटवार या ग्राम न्यायालय के सेवक को पारिश्रमिक के तौर पर भुगतान किया जाएगा.

समन या सूचना तामील करने की रीति.

68. किसी व्यक्ति पर समन या सूचना की तामील उसे समन या सूचना का परिदान करके या निविदान करके की जाएगी. समन या सूचना दो प्रतियों में भेजी जाएगी. उसे प्राप्त करने वाला व्यक्ति प्रमाण स्वरूप दूसरी प्रति के पीछे की ओर अपने हस्ताक्षर करेगा या अंगूठे का निशान लगाएगा. यदि संबंधित व्यक्ति पाया न जा सके तो समन या सूचना की तामील, कुटुम्ब के वयस्क सदस्यों में से किसी एक सदस्य को उसकी दूसरी प्रतियों में से एक प्रति को उसके लिए छोड़कर की जाएगी जो उसकी प्राप्ति के प्रमाणस्वरूप दूसरी प्रति के पृष्ठ भाग पर अपने हस्ताक्षर करेगा या अंगूठे का निशान लगाएगा. यदि उपरोक्त वर्णित रीति में तामील नहीं की जा सके तो तामील करने वाला कर्मचारी, समन या सूचना की दूसरी प्रतियों में से एक प्रति को कम से कम दो साक्षियों की उपस्थिति में, जिनके हस्ताक्षर आदेशिका की दूसरी प्रति में अभिप्राप्त किए जाएंगे, मकान के किसी सहजदृश्य भाग पर चिपकाएगा जिसमें समन किया गया या सूचित किया गया व्यक्ति मामूली तौर से निवास करता है.

अधिकारिता के बाहर के किसी आपराधिक या सिविल मामले में समन या सूचना तामील करने की रीति.

69. यदि वह व्यक्ति, जिस पर समन या सूचना की तामील की जानी है, ग्राम न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता के बाहर निवास करता है तो ग्राम न्यायालय यथास्थिति, समन या सूचना उस ग्राम न्यायालय को डाक द्वारा या अन्य किसी तरह से भेजेगा जिसकी अधिकारिता के भीतर वह व्यक्ति निवास करता है, जिस पर तामील की जानी है और उसे प्राप्त करने वाला ग्राम न्यायालय, उसे वैसे ही तामील करवायेगा, मानो कि ऐसा समन या सूचना, उसी ग्राम न्यायालय द्वारा जारी की गई हो और उसकी दूसरी प्रति को उसे जारी करने वाले ग्राम न्यायालय को तामील के पश्चात् लौटा देगा. डाक प्रभार संबंधित पक्षकार द्वारा वहन किए जाएंगे.

70. यदि किसी सिविल या आपराधिक मामले में समन किया गया व्यक्ति कोई साक्षी है, भले ही वह समन जारी करने वाले ग्राम न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर या बाहर निवास कर रहा हो, तो ग्राम न्यायालय उस व्यक्ति से, जिसके अनुरोध पर समन जारी किया जाना है, यह अपेक्षा करेगा कि समन या सूचना जारी करने के पूर्व विहित की गई आदेशिका फीस के अतिरिक्त साक्षी को देय आहार संबंधी धनराशि जमा करे. आहार संबंधी धनराशि समन पर लिखी होगी और साक्षी को उसकी उपस्थिति पर संदत्त की जाएगी. आहर संबंधी धनराशि वही होगी जो उसी प्रयोजनों के लिए सिविल न्यायालयों हेतु उपबंधित है.

साक्षियों के व्यय.

71. (1) यदि कोई व्यक्ति, जिस पर इन नियमों के अनुसार समन या सूचना तामील की जानी है, यथास्थिति समन या सूचना को प्राप्त करने और हस्ताक्षर करने से इंकार करता है तो उस पर कारण बताओ सूचना की तामील की जाएगी कि क्यों न भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 173 के अधीन परिवाद सक्षम न्यायालय में किया जाए.

समन या सूचना प्राप्त करने और हस्ताक्षर करने से इंकार करने की दशा में प्रक्रिया.

(2) यदि सूचना के उत्तर में सूचना प्राप्त करने वाले द्वारा सूचना में पर्याप्त कारण दर्शित किये जाते हैं तो ग्राम न्यायालय सूचना का उन्मोचन कर सकेगा.

(3) यदि सूचना के उत्तर में सूचना प्राप्त करने वाले द्वारा सूचना में पर्याप्त कारण दर्शित नहीं किये जाते हैं या सूचना ग्रहण करने से इंकार किया जाता है तो ग्राम न्यायालय, सूचना प्राप्त करने वाले के विरुद्ध विधि के अनुसार समुचित कार्यवाई कर सकेगा.

(4) यदि व्यक्ति, यथास्थिति, सूचना या समन का अनुपालन नहीं करता है या वह ग्राम न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है तो ग्राम न्यायालय, निकटतम पुलिस थाने में भी आवश्यक अध्यपेक्षा उस व्यक्ति को ग्राम न्यायालय के समक्ष ऐसी तारीख तथा समय पर पेश करने के लिए भेजेगा, जैसा कि अध्यपेक्षा में दर्शाया जाए.

(5) संबंधित पुलिस थाने के थाना अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह उस व्यक्ति को, अध्यपेक्षा के अनुपालन में संबंधित ग्राम न्यायालय के समक्ष पेश कराए.

72. ग्राम न्यायालय का कोई विनिश्चय, यदि वह एकमत का नहीं है तो बहुमत की राय के अनुसार किया जाएगा तथा जहां सदस्य अपनी राय में बराबर-बराबर विभाजित हैं तो अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति का मत द्वितीयक या निर्णायक होगा.

ग्राम न्यायालय का विनिश्चय बहुमत द्वारा किया जाएगा.

73. ग्राम न्यायालय को उसके द्वारा पारित किसी आदेश को रद्द करने, पुनरीक्षित करने या उसमें परिवर्तन की शक्ति नहीं होगी. किन्तु किसी आदेश में आकस्मिक चूक या लोप के कारण उद्भूत लिपिकीय या लेखन की त्रुटियों को किसी भी समय ग्राम न्यायालय द्वारा या तो अपनी स्वयं की प्रेरणा से या पक्षकारों में से किसी पक्षकार के आवेदन पर सुधारा जा सकेगा.

किसी विनिश्चय में परिवर्तन या पुनर्विलोकन की शक्ति नहीं होगी.

74. प्रत्येक सदस्य को ग्राम न्यायालय के सदस्य का पद ग्रहण करने से पूर्व जिले के कलेक्टर या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष इन नियमों से संलग्न प्ररूप-दस में घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा.

सदस्य का पद ग्रहण करने से पूर्व घोषणा-पत्र का प्रस्तुत किया जाना.

75. (1) कोई जिला न्यायाधीश किसी ग्राम न्यायालय के निरीक्षण के लिए और ग्राम न्यायालय के सदस्यों को अधिनियम तथा नियमों के अधीन उनके कर्तव्यों का उचित रूप से निर्वहन करने के लिए मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण के प्रयोजन के लिए किसी न्यायायिक अधिकारी को प्राधिकृत कर सकेगा.

निरीक्षण.

(2) ऐसे न्यायिक अधिकारी द्वारा एक रिपोर्ट जिला न्यायाधीश को प्रस्तुत की जाएगी तथा जिला न्यायाधीश समय-समय पर, ऐसे निदेश जैसे वह उचित समझे, ग्राम न्यायालय को जारी कर सकेगा.

76. (1) ग्राम न्यायालय द्वारा जुर्माना, फीस या अन्य लेखे प्राप्त समस्त रकम उस न्यायालय की निधि के रूप में रहेगी और ग्राम न्यायालय द्वारा उसके कृत्यों के पालन में उसका उपयोग किया जा सकेगा. प्रत्येक ग्राम न्यायालय प्राप्तियों तथा व्यय के लिए इन नियमों में विहित रीति में इन नियमों से संलग्न रजिस्टर तथा प्ररूप रखेगा. रजिस्टर का उपयोग करने से पूर्व उसकी जिल्दबंदी की जाएगी और पृष्ठों को क्रमांकित किया जाएगा. उनमें किये गये किसी सुधार पर

लेखाओं का रजिस्टर.

न्यायालय सहायक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए जाएंगे और ग्राम न्यायालय के न्यायालय सहायक का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह उन लेखाओं को बनाए रखे.

(2) ग्राम न्यायालय को देय किसी रकम को पर्याप्त कारण के बिना शोध्य रखना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा. उस दशा में, जब ऐसी रकम, वसूली योग्य प्रतीत नहीं होती हो तो उसे ग्राम न्यायालय के निर्विरोध अनुमोदन से बट्टे खाते डाला जा सकेगा.

(3) ग्राम न्यायालय कोष से कोई भी रकम तब तक नहीं निकाली जाएगी जब तक कि तुरन्त उपयोग के लिए अपेक्षित न हो. एक संव्यवहार में निकाली जाने वाली अधिकतम रकम ऐसी होगी, जैसा कि ग्राम न्यायालय द्वारा विनिश्चित किया जाए. बिना खर्च किया हुआ अतिशेष यदि कोई हो, जो 200/- रुपये से अधिक नहीं हो, न्यायालय सहायक के पास रखा जा सकता है और उससे अधिक रकम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी बैंक, पोस्ट आफिस में बचत खाते में जमा की जाएगी. ऐसा बचत खाता प्रधान और न्यायालय सहायक द्वारा संबंधित ग्राम न्यायालय के नाम से खोला जाएगा और दोनों के द्वारा संयुक्त रूप से प्रचालित किया जाएगा. समस्त रकम उनके संयुक्त हस्ताक्षर के अधीन चैक, आहरण स्लिप द्वारा निकाली जाएगी.

77. ग्राम न्यायालय में फीस, जुर्माना या किसी अन्य रूप में प्राप्त प्रत्येक रकम के लिए प्ररूप-ग्यारह में एक रसीद तैयार की जाएगी और यह दो प्रतियों में होगी. द्वितीय कापी प्रथम कापी की कार्बन कापी होगी. मूल कापी, भुगतान करने वाले व्यक्ति को दी जाएगी और कार्बन कापी न्यायालय अभिलेख में रूप में सुरक्षित रखी जाएगी.

प्ररूप—एक

[नियम 3(1) देखिए]

मध्यप्रदेश ग्राम न्यायालय अधिनियम, 1996 की धारा 17 के अधीन आवेदन/वादपत्र

मध्यप्रदेश ग्राम न्यायालय...वृत्त (सर्किल) में.

1. आवेदक/वादी की विशिष्टियां
   नाम...
   पिता का नाम...
   आयु...
   पता...
2. प्रतिवादी की विशिष्टियां
   नाम...
   पिता का नाम...
   आयु...
   पता...
3. अधिकारिता
4. परिसीमा
5. मामले के तथ्य
6. चाहा गया अनुतोष
7. नि:शेष उपचारों के ब्यौरे
8. क्या मामला किसी न्यायालय या ग्राम न्यायालय में पूर्व में फाइल किया गया या लंबित है.

सत्यापन

मैं,...(आवेदक/वादी का नाम) आत्मज/आत्मजा/पत्नी...
आयु.......................एतद्द्वारा सत्यापित करता/करती हूं कि उक्त पैरा 1 से 8 के तथ्य मेरी व्यक्तिगत जानकारी के अनुसार सत्य हैं. मैंने किन्हीं तात्विक तथ्यों को छिपाया नहीं है.

स्थान :...
तारीख :...

आवेदक/वादी के हस्ताक्षर.

प्ररूप—दो

[नियम 3(4) देखिए]

रसीद (पावती) अभिस्वीकृति पर्ची

श्री/श्रीमती/कुमारी...निवासी...द्वारा मध्यप्रदेश ग्राम न्यायालय...वृत्त में फाइल किये गये आवेदन/वाद-पत्र की प्राप्ति एतद्द्वारा अभिस्वीकृत की जाती है.

तारीख :...

वास्ते सचिव

ग्राम न्यायालय...वृत्त

मुद्रा :...

प्ररूप—दो—क

[नियम 4 (2) देखिए]

सिविल/राजस्व मामलों के लिये रजिस्टर

अनु-क्रमांक	संस्थित किए जाने की तारीख	आवेदक/वादी का नाम, पिता का नाम तथा आयु	पता	अनावेदक/प्रतिवादी का नाम, पिता का नाम तथा आयु	पता	विषयवस्तु का विवरण	अंतिम आदेश या विनिश्चय की तारीख	आदेश या विनिश्चय का विषय	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4).	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

प्ररूप—तीन

[नियम 18 (1) देखिए]

आपराधिक मामलों के लिए परिवाद

ग्राम न्यायालय .... वृत्त .... के समक्ष

परिवाद

1. परिवादी का नाम ....
2. पिता का नाम ....
3. पता ....
4. अभियुक्त का नाम ....
5. अभियुक्त के पिता का नाम ....
6. अभियुक्त का पता ....
7. दांडिक परिवाद/अपराध के तथ्य ....
8. साक्षियों के नाम, यदि कोई हों 1. ....
   2. ....
9. अन्य सुसंगत तथ्य ....
10. क्या कोई मामला किसी न्यायालय या ग्राम न्यायालय में पूर्व में फाइल किया गया या लंबित है. ....

स्थान : ....

तारीख : .... परिवादी के हस्ताक्षर.

प्ररूप—चार

[नियम 18 (2) देखिए]

आपराधिक मामलों का रजिस्टर

अनु-क्रमांक	संस्थित किए जाने की तारीख	परिवादी का नाम, पिता का नाम तथा आयु	पता	अभियुक्त का नाम, पिता का नाम तथा आयु	पता	अपराध का विवरण	पक्षकारों के लिए उपसंजात होने की तारीख	निर्णय की तारीख	निर्णय की विशिष्टियां	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)

प्ररूप—पांच

[नियम 33 देखिए]

जुर्माना, फीस या प्रतिकर के मद्दे प्राप्तियों का रजिस्टर

अनु-क्रमांक	मामला क्रमांक	पक्षकारों के नाम	प्राप्त की गई जुर्माने की राशि	प्राप्त की गई प्रतिकर की राशि	प्राप्त की गई फीस की राशि	अभियुक्त को संदत्त की गई प्रतिकर की राशि, संदाय की तारीख सहित	अभियुक्त के हस्ताक्षर	ग्राम न्यायालय निधि में, जुर्माना तथा फीस जमा करने की तारीख	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

प्ररूप—छह

[नियम 55 (1) देखिए]

प्रधान के पद के लिए निर्वाचन का प्रस्ताव

ग्राम न्यायालय .... के प्रधान के पद के लिय निर्वाचन.

मैं, एतद्द्वारा, ग्राम न्यायालय के प्रधान के पद के लिये श्री .... आत्मज .... निवासी .... का प्रस्ताव करता हूं.

(1) प्रस्तावक का पूरा नाम पता सहित ....
....

(2) समर्थक का पूरा नाम पता सहित ....

स्थान : ....
तारीख : ....

प्रस्तावक के हस्ताक्षर ....
समर्थक के हस्ताक्षर ....

मैं ऊपर नामित अभ्यर्थी इस निर्देशनं की सहमति देता हूं. मैं एतद्द्वारा अपनी रजामंदी संज्ञापित करता हूं. यदि मैं निर्वाचित हो जाता हूं तो मैं ग्राम न्यायालय के प्रधान के रूप में सेवा करने को रजामंद हूं.

स्थान : ....
....
तारीख :
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

प्ररूप—सात

[नियम 55 (5) देखिए]

मत पत्र

अनुक्रमांक (1)	निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी का नाम (2)	चिन्ह (X) (3)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी के हस्ताक्षर
....जनपद पंचायत.

प्ररूप—आठ

[नियम 65 देखिए]

ग्राम न्यायालय..वृत्त

समन (सूचना)

अनुक्रमांक............................ तारीख...

पक्षकारों के नाम ....

....

विरुद्ध

....

....

दावा/अपराध का प्रकार ....

संस्थित किए जाने की तारीख

यत: ऊपर वर्णित मामला ग्राम न्यायालय के समक्ष (तारीख)..को (समय)................................ रखा जाएगा.

आपसे साक्ष्य देने के लिये/या निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिये ग्राम न्यायालय में अभियुक्त/प्रतिवादी/साक्षी के रूप में हाजिर होने की, एतद्द्वारा अपेक्षा की जाती है.

(1)

(2)

(3)

मुद्रा सचिव के हस्ताक्षर

प्ररूप—नौ

[नियम 66 देखिए]

धन-रसीद

मामला क्रमांक.......................................

पक्षकारों के नाम..

क्रमांक.............................. तारीख..............................

श्री.................................आतमज.................................निवासी.................................से मामला क्रमांक.......................में...........................के मद्दे.................................रुपए (शब्दों में)................................. ....प्राप्त किए.

हस्ताक्षर

ग्राम न्यायालय की मुद्रा.

प्ररूप—दस

[नियम 74 देखिए]

घोषणा-पत्र

मैं.................................आत्मज.................................ग्राम न्यायालय का सदस्य, सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं कि मैं किसी राजनीतिक दल का सदस्य नहीं रह गया हूं और यह कि मैं शुद्ध अंत:करण से और निष्ठापूर्वक तथा मेरी सर्वोत्तम योग्यता, ज्ञान तथा विवेक से भय या पक्षपात, अनुराग या दुर्भावना के बिना, विधि के अनुसार अपने पद के कर्तव्यों का पालन करूंगा.

स्थान :..

तारीख :..

( )

सदस्य के हस्ताक्षर तथा नाम

प्ररूप—ग्यारह

[नियम 77 देखिए]

लेखा रजिस्टर का प्रोफार्मा

प्राप्तियां

तारीख	आवेदन वादपत्र/ राजस्व/ सिविल मामलों पर प्राप्त रकम (नियम-5)	निष्पादन में किसी पक्षकार के लिए प्राप्त रकम (रसीद क्रमांक सहित)	आपराधिक मामलों में परिवाद फीस	जुर्माने की रकम	प्रतिलिपि फीस की रकम	निरीक्षण फीस की रकम	समन/ सूचना फीस की रकम	आहार धन की रकम	दिन की कुल प्राप्तियां	पूर्वतर तारीख की अतिशेष रकम	कुल रकम (कालम 10 तथा 11 का योग)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)

व्यय

तारीख	न्यायालय सहायक को देय प्रतिलिपि पारिश्रमिक	कोटवार/ न्यायालय सेवक की पारिश्रमिक की रकम	साक्षियों को देय आहार धन	रकम, यदि कोई प्राप्त हुई हो और निष्पादन में डिक्री धारक को दी गई हो	न्यायालय से संबंधित अन्य व्यय (मदवार)	दिन के कुल व्यय	दिन का अतिशेष (दिन की कुल रकम में से कालम 7 में के व्यय घटाने के पश्चात्)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

THE CHHATTISGARH GRAM NYAYALAYA RULES, 2001.

TABLE OF CONTENTS

CHAPTER IV—GENERAL PROCEDURE

CHAPTER V—NYAYALAYA SAHAYAK OF GRAM NYAYALAYA AND ITS POWERS, FUNCTIONS AND DUTIES

CHAPTER VI—NOMINATION NEUTRATION OF MEMBER AND ELECTION OF PRADHAN

CHAPTER VII—HONORARIUM, TRAVELLING ALLOWANCE AND DAILY ALLOWANCE TO MEMBERS

CHAPTER VIII—MISCELLANEOUS

Bhopal, the 9th April 2001

No. 21-Gra. Nyaya.-43 Niyam-2001.—In exercise of the powers conferred by Section 32 read with Section 6, 10, 11, 12, 13, 14, 17 sub-section (1) of Section 21, 26 and 29 of the Madhya Pradesh Gram Nyayalaya Adhiniyam, 1996 (No. 26 of 1997), the State Government hereby makes the following rules, namely :—

CHAPTER I—PRELIMINARY

Short title and Commencement.

1. (1) These rules may be called the Madhya Pradesh Gram Nyayalaya Rules, 2001.

(2) They shall come into force with effect from the date of their publication in the Madhya Pradesh Gazette.

Definitions.

2. In these rules unless the context otherwise requires,—

